तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 22 मई 2025



10 राष्ट्रीय राजमार्ग-130 की गुणवत्ता पर उठे सवाल ...





11 दो गांवों के आवागमन में बाधक बन गया है नाला






## खबर संक्षेप

### डाकघर में शुरू हुई नई सेवा 'ज्ञान पोस्ट'

**जगदलपुर।** देशभर में ज्ञानवर्धक सामग्रियों के आसान और किफायती प्रसारण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारतीय डाक विभाग द्वारा ज्ञान पोस्ट नई सेवा की शुरूआत की गई। यह सेवा विशेष रूप से शैक्षिक, सामाजिक सांस्कृतिक और धार्मिक सामग्री को बहुत ही रियायती दरों पर भेजने के लिए बनायी गयी है। ज्ञान पोस्ट सेवा भारतीय डाक की उस निरंतर प्रतिबदधता को दर्शाती है, जिसके तहत वह देश के हर कोने तक शिक्षा और जानकारी को पहुंचाने में सहायक बन रही है। यह पहल विद्यार्थियो, संस्थानों और समाज के सभी वर्गों को सुलभ जानकारी प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ज्ञान पोस्ट सेवा के उपयोग हेतु मानक संचालन प्रक्रिया भारतीय डाक की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। उक्त जानकारी बस्तर संभाग के अधीक्षक डाकघर ने दी।

### स्वास्थ्य शिविर में 413 मरीजों का किया उपचार



**जगदलपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुरंदी और समीप के स्वास्थ्य केंद्रों से स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग के स्टाल का संचालन किया गया। शिविर में 413 मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया गया, जिसमें 392 मरीज के रक्तचाप की जांच की गई, 128 मरीजों की शुगर की जांच की गई। मौसमी बीमारियों के मरीज 56, दर्द शेष पेज 10 पर

# दक्षिण-पश्चिम मानसून बंगाल की खाड़ी में हुआ सक्रिय, बारिश की संभावना

## एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बना, 12 घंटे के भीतर कम दबाव का क्षेत्र में बदलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बंगाल की खाड़ी में दक्षिण-पश्चिम मानसून सक्रिय हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून दक्षिण अरब सागर के कुछ भाग, मालदीव, कॉमरीन क्षेत्र, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग, उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग में बुधवार 21 मई को मानसून सक्रिय हो गया है। दक्षिण पश्चिम मानसून के कुछ और भाग में सक्रिय होने के लिए अनुकूल परिस्थितियों बनी हुई है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मंडल तक पूर्व-मध्य अरब सागर, उत्तर कर्नाटक और गोवा तट से सुदूर स्थित है। इसके प्रभाव से अगले 12 घंटे में एक कम दबाव का क्षेत्र इसी स्थान पर बनने की संभावना है। इसके बाद इसके और अधिक प्रबल होकर अवदाब के रूप में अगले 36 घंटे में बनने की संभावना है।

चक्रवात बनने की सम्भावना है। एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका पंजाब से पूर्वी बांग्लादेश तक हरियाणा, उत्तर प्रदेश, झारखंड,उप हिमालयीन पश्चिम बंगाल तथा सिक्किम होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी का आगमन निम्न स्तर पर हो रहा है।



### गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने के संकेत

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के विज्ञानी एचपी चंद्रा के मुताबिक वायुमंडल में बने चक्रवात और मानसूनी हलचल से प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी संभावना है। प्रदेश के सरगुजा संभाग और बस्तर संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने, जबकि बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग के जिलों में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है।

## सुशासन तिहार: सुरक्षा कैम्पों के इलाकों में मूलभूत सुविधाएं देने पर जोर

# योजनाओं के क्रियान्वयन सहित सेवाओं की उपलब्धता पर ध्यान केंद्रित करें : कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर कारगर क्रियान्वयन कर अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करने के लिए सभी विभाग सकारात्मक प्रयास करें। साथ ही लोक सेवाओं की उपलब्धता पर ध्यान केंद्रीत करें। इस दिशा में मैदानी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति के साथ विभागीय कार्यों को बेहतर ढंग से सम्पादित किया जाए। बस्तर अंचल के अंतर्गत सुरक्षा कैम्पों के समीपस्थ ग्रामों में सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा सुविधाओं सहित पीडीएस व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए सार्थक प्रयास करें। उक्त निर्देश कमिश्नर ने बुधवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभाकक्ष में संभागीय अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने वनाधिकार पट्टों के नामांतरण-बंटवारा प्रकरणों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने कहा। साथ ही वनाधिकार पट्टों को अभिलेख कक्ष में सुरक्षित रखने सम्बन्धी कार्य में शीघ्र अद्यतन प्रगति लाने के निर्देश भी दिए। कमिश्नर ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर बल देते हुए कहा कि आम जनता से प्राप्त समस्या एवं शिकायतों के निवारण हेतु ध्यान केंद्रित करें। संभाग स्तरीय अधिकारी समाधान शिविरों में जाकर जिला स्तर के अधिकारियों को मार्गदर्शन प्रदान करें। मैदानी अमले को सक्रिय रखकर प्लानिंग के साथ काम करवाएं। पेयजल व्यवस्था के लिए जल प्रदाय योजनाओं, सोलर ड्यूल पम्पों एवं हैंडपंपों का समुचित संधारण एवं संचालन सुनिश्चित किया जाए। सुधार योग्य जल प्रदाय योजनाओं तथा हैंडपंपों को शेष पेज 10 पर

- संभाग स्तरीय अधिकारी समाधान शिविरों में जाकर दें निर्देश



### बारिश के पहले स्कूल और आश्रम-छात्रावासों की मरम्मत कराएं

*कमिश्नर ने शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होने के पूर्व बारिश के पहले स्कूलों तथा आश्रम-छात्रावासों की साफ-सफाई सहित मरम्मत योग्य भवनों का मरम्मत सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दिशा में सम्बंधित विभागों को चिन्हित भवनों का मरम्मत तत्काल शुरू किए जाने कहा। साथ ही सड़कों और पुल-पुलिया के रखरखाव पर ध्यान देने कहा और मानसून के पूर्व आवश्यक मरम्मत कार्य सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को कोंडागांव-नारायणपुर नेशनल हाईवे के निर्माण में अद्यतन प्रगति लाने के लिए ठेकेदारों से लगातार कार्य करवाने कहा और पुलिया निर्माण कार्यों को जल्द पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दिशा में नियमित तौर पर मॉनिटरिंग कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।*

# एचएसआरपी के लिए आरटीओ उतरे सड़क पर

## सुबह से शाम तक की वाहनों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

**अलग खबर**

वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाने के लिए आरटीओ सुबह से शाम तक सड़क पर उतरे, जिससे वाहन मालिकों एवं चालकों में हड़कंप मच गया। इस दौरान एक ही दिन में आरटीओ ने संभागीय मुख्यालय से रायपुर, दंतेवाड़ा, कोंटा, बीजापुर एवं ओडीसा रोड में वाहनों की जांच की। 22 वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट नहीं होने पर 17 हजार रुपए का जुर्माना किया। सुरक्षा के मद्देनजर 2019 के पहले के सभी दो पहिया, चार पहिया सहित अन्य सभी प्रकार के वाहनों का नंबर प्लेट बदलना अनिवार्य है। पुराने नंबर प्लेट की जगह अब हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाया जा रहा है। आरटीओ के अनुसार बस्तर जिले में डेढ़ लाख वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाया जाएगा। विभाग के दफ्तर में वाहन मालिकों के मोबाइल रजिस्ट्रेशन व प्लेट लगाने का काम शुरू हो चुका है। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के शेष पेज 10 पर

# विश्वविद्यालय प्रशासन ने भर्ती में नियमों का नहीं किया पालन : तोड़ेम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय द्वारा प्राध्यापकों की भर्ती के लिए सन् 2023 के अक्टूबर माह में विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। 59 प्राध्यापकों की भर्ती के लिये छत्तीसगढ़ के आवेदकों के लिये अधिकतम आयु 40 वर्ष रखी गई थी। इसी प्रकार अन्य राज्यों के आवेदकों के लिये अधिकतम आयु की सीमा 35 वर्ष तय की गई थी। छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के नियमानुसार उक्त विज्ञापन में अधिकतम आयु 35 वर्ष एवं 40 वर्ष तय किये गये थे। उक्त कथन पूर्व विधायक राजाराम तोड़ेम ने मीडिया को जारी किए गए बयान में कही। तोड़ेम के मुताबिक विश्वविद्यालय प्रशासन ने दावा-आपत्ति की प्रक्रिया के समय राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के नियम को अपने चहेतों पर लागू नहीं होने दिया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने शेष पेज 10 पर



### चयनित आवेदकों की सूची निरस्त करे

तोड़ेम ने कहा हमारी मांग है कि 24 मई को प्रस्तावित विश्वविद्यालय के विद्या परिषद (कार्य समिति) की बैठक में उक्त विवादास्पद भर्ती प्रकिया में चुने गये आवेदकों की सूची को निरस्त किया जाये। पूरी भर्ती प्रक्रिया नियमानुसार की जाये। अब नये सिरे से विज्ञापन प्रकाशित कराया जाये, ताकि सभी आवेदकों को समान अवसर उपलब्ध हो सके। यदि इसके बावजूद वर्तमान भर्ती प्रक्रिया विद्या परिषद की बैठक में वैध ठहराई जाती है तो इससे छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार की छवि धूमिल होगी और स्थानीय आवेदकों के हाथ निराशा लगेगी, क्योंकि वे 25-25 लाख जैसी मोटी रकम सपने में जुटा नहीं पायेंगे। फलतः बाहरी आवेदक लाखों रूपये के बलबूते असिस्टेंट प्रोफेसर का पद खरीद लेंगे। हम भर्ती प्रक्रिया की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग भी करते हैं।

# बस्तर के संसाधनों की बंदरबांट के खिलाफ कांग्रेस निकालेगी पदयात्रा : दीपक बैज




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा बस्तर के संसाधनों पर भाजपा सरकार की नजर है। बस्तर की चार बड़ी लौह अयस्क खदानें निजी पूंजीपतियों को इसमें से 2 खदानें बैलाडीला 1ए और बैलाडीला 1बी की खदान को 50 साल के लिए लीज पर दे दिया। बैलाडीला 1सी खदान को भी 50 सालों के लिए दिया गया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बस्तर में खनन आधारित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम स्थापित करने के बजाय, बहुमूल्य खनिज संसाधन औने-पौने दाम पर पूंजीपतियों को लुटा रही है। विगत दिनों केंद्रीय इस्पात मंत्री छत्तीसगढ़ आए थे। तमाम विरोध के बावजूद भारत सरकार का सरकारी उपक्रम फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड भिलाई स्थित यूनिट को मात्र 320 करोड़ में बेच दिया, जो कभी घाटे में नहीं रही बल्कि लगभग 100 करोड़ प्रति वर्ष का मुनाफा कमा रहा थी। बैज ने बताया कि बस्तर के नगरनार में 20 हजार करोड़ शेष पेज 10 पर

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान शहर जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य,पूर्व विधायक रेखचंद जैन,नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी,उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, ब्लॉक अध्यक्ष सहदेव नाग,अंगद त्रिपाठी, एम वेंकट राव,राजेश राय,रविशंकर तिवारी, अनुराग महतो, संदीप दास, शादाब अहमद,पार्षद जस्टिन भवानी, शुभम यद्धु, ललिता राव,एस नीला, ज्योति राव आदि उपस्थित थे।

## धरती पर 5-6 स्थानों पर ही यह पौधा, फल से पौधा नहीं बनता

# 20 वर्ष रिसर्च कर वैज्ञानिकों ने अमृत मंथन कल्पवृक्ष का पौधा किया तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय द्वारा परिसर में कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने अमृत मंथन कल्पवृक्ष का पौधा लगाकर इसका श्रीगणेश किया। कल्पवृक्ष की विशेषता यह अमृत मंथन द्वारा 14 रत्न निकला था, उसमें से एक है। अमृत, सुरा, ऐरावत हाथी,कामधेनु गाय छठवें नंबर पर कल्पवृक्ष निकला।

कल्पतरु को इच्छापूर्ति वृक्ष भी कहते हैं। इसमें दूध से दोगुना कैल्शियम होता है। इसमें नींबू विटामिन सी के दोगुना विटामिन सी होता है। इसका फूल राजा के मुकुट की तरह होता है।यह धरती पर चार-पांच जगह पर ही है। इसका फल से पौधा नहीं बनता है। 20 वर्षों से रिसर्च करके कृषि वैज्ञानिकों ने यह कल्पवृक्ष का पौधा तैयार किया है। इसमें 6 माह पत्तियां होती है। 6 माह पत्तियां नहीं होती है। पौधे का रोपण प्रभु के स्मरण करके विधि विधान के द्वारा लगाने से कल्पवृक्ष का पौधा लग जाता है। आज कुलपति ने पूरे विधि विधान पूजा अर्चना के द्वारा कल्पवृक्ष पौधे का रोपण किया है।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रोफेसर शरद नेमा विभागाध्यक्ष वानिकी एवं वन्य जीव अध्ययनशाला, प्रोफेसर के इंदिरा मूर्ति काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डॉ. राजेश लालवानी कुलसचिव, डॉ. सजीवन कुमार कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना के आर ठाकुर सहायक कुलसचिव,प्यारेलाल यादव, शिक्षक, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, विद्यार्थी व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

माह जून 2025

जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट

नोट : 1 जून से 30 जून तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 मई 2025 तक जमा कर सकते हैं।

अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता

महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर

प्रथम पुरस्कार: 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार: 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार: 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार: 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार: 1100

कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

## खबर संक्षेप



### नवनिर्मित देवगुढ़ी का विधायक ने किया लोकार्पण

**धनोरा।** मंडल के ग्राम-कर्राररमेटा में देव जातरा के दौरान केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने नवनिर्मित देवगुढ़ी का लोकार्पण मंगलवार को किया है। नवनिर्मित जिम्मेदारिन माता मंदिर का लोकार्पण कर पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली के लिए की कामना की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन से विधायक टेकाम ने मुलाकात की। इस दौरान केशकाल जनपद अध्यक्ष नंदनी पोटाई, रमेश यादव, श्रीराम यदु एवं अन्य मौजूद रहे।

### मिट्टी के बर्तन बनाने के बारे में दी जानकारी



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गूकोंदल में जिला स्तरीय समर कैम्प 7 मई से चलाया जा रहा है। समर कैम्प में 21 मई को माखन लाल प्रजापति और नारद प्रजापति के द्वारा मिट्टी से बहुत सारी जरूरत के वस्तुएं जैसे दिये, मटका, पानी बॉटल, नादिया बैल, पोला, गमला, गुलदस्ता गमला, गुल्लट, आदि बनाया गया। विद्यार्थियों को भी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी सीखा। इस मौके पर एबीओ अंजनी मंडावी, शैलेंद्री मरकाम, मनीष गौतम, डॉ. धनाजु राम नरेटी, हरीश नागराज, राजेश कुर्रे, पंकज निषाद व शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### डूबने से युवक ग्रामीण की मौत

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत सरोना निवासी 45 वर्षीय देवेंद्र साहू का पानी में डूबने से मौत हो गई। सरोना निवासी अनिल गजपाल ने पुलिस को बताया कि मृतक 20 मई को पानी में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### ग्रामीण ने लगाई फांसी, हुई मौत

**कांकेर।** कोरर थाना क्षेत्र के 70 वर्षीय तुलिया राम जैन ने अपने घर से कुछ ही दूरी पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। तालाकुर्रा निवासी विष्णुराम जैन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 19 मई को अपने घर से कुछ दूर गौठान के पास फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक ने फांसी क्यो लगाया यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# बच्चे को नियमित पोषण आहार दें, हर सप्ताह बच्चे का कराएं वजन

## कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र बंधापारा में कुपोषित बच्चों से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, जिले के मध्यम कुपोषित बच्चों की सतत निगरानी और उनके पोषण स्तर में सुधार लाने के लिए 69 अधिकारियों को एक-एक बच्चे की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज सुबह आंगनबाड़ी केंद्र बंधापारा का दौरा किया और लव्यांश नामक बच्चे से मुलाकात की। उन्होंने बच्चे के वजन और ऊंचाई की जानकारी ली, जिस पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बच्चे का वजन सामान्य से कम बताया। कलेक्टर ने लव्यांश की माता से भी बातचीत की और उन्हें बच्चे को नियमित पोषण आहार देने तथा हर सप्ताह बच्चे का वजन कराने की सलाह दी। इस अवसर पर, कलेक्टर ने आंगनबाड़ी भवन का भी निरीक्षण किया। भवन की मरम्मत, वाटर हार्वेस्टिंग लगवाने और परिसर में पोषण वाटिका बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान यूनिसेफ के विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे।



### सीईओ पहुंचे आंगनबाड़ी केंद्र शीतला पारा-1

जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई ने भी कोंडागांव शहर के आंगनबाड़ी केंद्र शीतला पारा-1 का दौरा किया और पुष्कर देवांगन के घर जाकर उसके माता-पिता व दादी से मिलकर बच्चे को पौष्टिक भोजन देने की समझाइश दी। जिले के अन्य अधिकारियों, जैसे एसडीएम अजय उरांव, तहसीलदार मनोज रावटे, उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक विमल गौतम, पीडब्ल्यूडी के ईई ए.आर. मरकाम, समाज कल्याण विभाग की श्रीमती ललिता लकड़ा, पशुपालन विभाग के डॉ. एम.बी. सिंह, खेल अधिकारी सुश्री सुधा कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, पीएमजीएसवाई के बलराम ठाकुर, क्रेडा विभाग की श्रीमती सविता कश्यप, जिला सांख्यिकी अधिकारी देवेन्द्र शोरी, श्रम निरीक्षक निर्मल साहू, डीएमसी ईमल बघेल, ने भी अपने-अपने गोद लिए बच्चों और उनके अभिभावकों से आंगनबाड़ी में मुलाकात की और आवश्यक परामर्श दिया।

### कुपोषित बच्चों की संख्या में कमी लाने पहल

इस पहल का मुख्य उद्देश्य कुपोषित बच्चों की संख्या में कमी लाना है। संबंधित अधिकारी गोद लिए गए बच्चों के माता-पिता से संपर्क कर उनके खानपान, स्वच्छता और चिकित्सकीय सुविधा हेतु आवश्यक परामर्श देंगे। वे आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करेंगे और बच्चे की वृद्धि निगरानी का पर्यवेक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान वे आंगनबाड़ी केंद्रों से बच्चे को पोषण आहार, उचित चिकित्सकीय सुविधा, स्वच्छता और स्वयं से भी आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे।

## आरोप : ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों ने की जांच की मांग

# राष्ट्रीय राजमार्ग-130 की गुणवत्ता पर उठे सवाल तकनीकी मानकों की अनदेखी के लगे आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

बस्तर संभाग में कोण्डागांव-नारायणपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-130 के निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर सवार उठने लगे हैं। जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने तकनीकी मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। सड़क एक ओर जहां अबूझमाड़ के घने जंगलों में बसे गांवों को देश की मुख्यधारा से जोड़ेगी, वहीं दूसरी ओर इसके निर्माण में जिस स्तर की अनियमितताएं उजागर हो रही हैं, वह पूरे सड़क विकास मॉडल पर प्रश्नचिन्ह लगा रही है।

■ कोण्डागांव से नारायणपुर तक बन रहा राष्ट्रीय राजमार्ग-130

परियोजना की कुल लंबाई 48 किलोमीटर है, जिसे 147.70 करोड़ की लागत से एक एजेंसी के माध्यम से निर्मित किया जा रहा है। निर्माण में 69 पुलिया और 10 माइनर पुल शामिल हैं। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि निर्माण स्थलों पर तकनीकी मानकों की अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिया निर्माण में सीमेंट, रेत और गिट्टी के अनुपातों में भी गंभीर गड़बड़ी की जा रही है। निर्माण एजेंसी द्वारा आसपास के क्षेत्रों से मुरूम, मिट्टी और रेत का अवैध दोहन किया जा रहा है। इससे पर्यावरणीय संतुलन को तो खतरा है ही, साथ ही कई गांवों में खतरनाक गहरे गड्ढे बन चुके हैं। जोंदरापदर के सरकारी स्कूल के पास 25 फीट गहरे गड्ढे से बच्चों की सुरक्षा पर संकट खड़ा हो गया है।



### स्टाफ की कमी, प्रशासनिक सहयोग भी नहीं मिलता

ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि ठेकेदार और विभागीय अधिकारी निर्माण कार्य में गुणवत्ता को अनदेखी कर रहे हैं। खनिज अधिकारी गौतम नेताम का कहना है कि उनके पास स्टाफ की कमी है। अकेले होने के कारण वे कार्रवाई नहीं कर पाते। कई बार प्रशासनिक सहयोग भी नहीं मिल पाता। यह जवाब दर्शाता है कि सिस्टम में जिम्मेदारी का अभाव है।

### गुणत्ता सुधारने के निर्देश दिए गए हैं: एसडीओ

राष्ट्रीय राजमार्ग-130 के एसडीओ जीवन नेताम ने बताया कि ठेकेदार को सूचना पटल लगाने और गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्य विभागीय स्वीकृति के ड्राइंग और इस्टीमेट के अनुसार कराया जा रहा है, जिसमें सरिया की दूरी एस्टीमेट के हिसाब से अंदर साइड 200 एमएम यानी की 8 इंच और बाहर साइड 210 एमएम होना चाहिए। जानकारी के बाद गुणवत्ता पर सवाल उठने के बाद जांच जरूरी हो गई है।

### उच्चस्तरीय जांच की उठी मांग

स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों रितेश पटेल महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, जिलाध्यक्ष सर्व पिछड़ा वर्ग समाज जिला कोण्डागांव, मंगलु नेताम पूर्व सदस्य मंडी बोर्ड एवं अनिरुद्ध नेताम पूर्व सरपंच उमरगांव, समाज सेवक व एडवोकेट तिलक पांडे व सामाजिक संगठन के मोहम्मद शकील सिद्दीकी आल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन ने इस पूरे निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्य की गुणवत्ता पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो यह सड़क कुछ ही वर्षों में बदहाल हो जाएगी।

## वार्ड में शुरू हुआ नाली निर्माण कार्य

# जनदर्शन में मिली शिकायत पर त्वरित कार्रवाई, दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

साप्ताहिक जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक जांच के पश्चात निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यवाही की जा रही है, जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है और आवेदकों को राहत मिल रही है।

■ कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने खुद लिया वार्ड का जायज़ा

जनदर्शन में मंगलवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्डवासियों ने कलेक्टर के समक्ष शिकायत की थी कि दुर्गाबाड़ी के पीछे दूसरे नंबर के गली के सड़क जर्जर हो चुकी है, जिससे आवागमन में परेशानी होती है, वहीं तीसरे नंबर गली में सड़क और नाली निर्माण नहीं होने से गंदे पानी के निकासी नहीं हो पाती। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर नाली निर्माण का कार्य आज शुरू हो गया है। कलेक्टर ने स्वयं श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड पहुंचकर कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को जल्द से जल्द नाली निर्माण, सड़क निर्माण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे उपस्थित रहे।

# युवाओं ने रक्तदान कर सेवा और संकल्प का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



युवा कांग्रेसियों द्वारा बुधवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी की शहादत दिवस एवं पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों की स्मृति में फरसगांव ब्लाक युवा कांग्रेस के अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग के नेतृत्व में केशकाल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी युवा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ नगरवासीयो ने भी रक्तदान कर राजीव गांधी जी एवं पहलगाम आतंकी हमले शहीद हुए लोगों के याद किए।

रक्तदान के दौरान जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग ने कहा रक्तदान महादान है इसे हर इंसान को जीवन में एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए. युवा कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केशकाल में पहुंच रक्तदान किया है. सभी रक्तदाओ को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा की उन्हों अपने खून का कुछ कतरा दे कर दूसरे की जान बचाने में अमूल सहयोग दिया है. इनके द्वारा किये गए रक्तदान से खून की बीमारी से ग्रसित मरीजों को अस्पतालो में रक्त सही समय पर उपलब्ध हो पाता है, जिनसे उनकी जान बच जाती है। इस दौरान छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के महासचिव श्रीपाल कटारिया, जिपंचायत सदस्य जयलाल नाग, पार्षद पंकज नाग, जितेंद्र रजक पार्षद , आई टी सेल जिला अध्यक्ष रवि गोयल, खिलेश्वर शोरी, शुभम राणा, निलेश नेगी, योगेश्वर बघेल सहित युवा कांग्रेसियों सदस्य उपस्थित थे।

# कोहड़ापारा में नए हैंडपंप से मिलने लगा शुद्ध पेयजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर दूर स्थित केशकाल विकासखंड अंतर्गत खालेबेन्दी गांव के कोहड़ापारा में निवासरत सात परिवारों को वर्षों से पेयजल की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा था। सुशासन तिहार 2025 के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं के बारे में जानकारी मिलने पर कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के निर्देश पर केशकाल एसडीएम अंकित चौहान के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम ने गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। शीघ्र समाधान की दिशा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर तत्परता से कार्रवाई की। क्षेत्र में किसी भी प्रकार की जल आपूर्ति व्यवस्था मौजूद न होने तथा समस्या की गंभीरता को देखते हुए, विभाग ने प्राथमिकता के आधार पर कोहड़ा पारा में एक नया हैंडपंप स्थापित किया।

■ सुशासन तिहार में खालेबेन्दी के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का हुआ समाधान



इस पहल से न केवल ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान हुआ, बल्कि उनके जीवन में सुविधा, सुरक्षा और सम्मान भी लौटा। शासन-प्रशासन की इस त्वरित और संवेदनशील पहल से ग्रामीणों ने शासन का आभार जताया।

## शासन को चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा, गुणवत्ता होगी प्रभावित

# छत्तीसगढ़ में शिक्षक आंदोलन, युक्तियुक्तकरण के विरोध में एकजुट हो गए राज्य के 23 संगठन

नवीन सेटअप के नाम पर स्कूलों में कम किए जा रहे पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राज्य में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे युक्तियुक्तकरण के खिलाफ प्रदेश के 23 शिक्षक संगठन एकजुट हो गए हैं। इन संगठनों ने साझा मंच के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन को संयुक्त ज्ञापन सौंपकर चार सूत्रीय प्रमुख मांगों को पूरा करने की मांग की है। शिक्षकों का कहना है कि नवीन सेटअप के नाम पर प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शालाओं में शिक्षकों के पद कम किए जा रहे हैं। जिससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होगी और युवा बेरोजगार होंगे।

शिक्षकों का कहना है कि प्राथमिक शालाओं में पांच कक्षाओं के लिए सिर्फ दो शिक्षक और पूर्व माध्यमिक शालाओं में 18 पीरियड के लिए तीन शिक्षक होने से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संभव नहीं है। इसके अलावा, शिक्षकों को जाति, निवास, आधार, छात्रवृत्ति जैसे शासकीय कार्यों में भी लगाया जाता है। अतिशेष और पद कटौती एक-एक शिक्षक की कटौती से शिक्षक अतिशेष हो जाएंगे, पदों की संख्या कम होगी और भर्ती बंद होने से युवा बेरोजगार होंगे। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी से पालक सरकारी स्कूलों पर भरोसा नहीं करेंगे। सभी 23 संगठनों के प्रांताध्यक्षों ने संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि बिना किसी सहमति के और शिक्षक संगठनों को विश्वास में लिए बगैर सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को लागू करना दुर्भाग्यपूर्ण और अन्यायपूर्ण है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं और सरकार ने युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया रद्द नहीं की, तो 28 मई को मंत्रालय महानदी भवन का घेराव और धरना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यदि इस दौरान कानून व्यवस्था बिगड़ती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।



### शिक्षकों की प्रमुख मांगें

शिक्षक संगठनों ने छत्तीसगढ़ शासन से निम्नलिखित चार प्रमुख मांगों को तत्काल पूरा करने की अपील की है। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए। सोना साहू प्रकरण की तर्ज पर सभी शिक्षकों को एरियर्स सहित क्रमोन्नति वेतनमान मिले। प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए पुरानी पेंशन बहाली हो। प्रशिक्षित शिक्षकों को प्रमोशन में बीएड की अनिवार्यता से छूट दी जाए। रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की जाए, न कि सेटअप में कटौती की जाए।

### 2008 का सेटअप लागू करने की मांग

शिक्षक नेताओं का कहना है कि 2008 में बना सेटअप व्यावहारिक और व्यावसायिक दृष्टि से उपयुक्त था। उसके अनुसार प्राथमिक शालाओं में कम से कम तीन शिक्षक 60 बच्चों पर और मिडिल स्कूलों में न्यूनतम पांच शिक्षक आवश्यक हैं। हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में भी विषयानुसार पद स्वीकृत किए जाने चाहिए। विशेषकर कॉमर्स के लिए 2 शिक्षक अनिवार्य हैं। वर्तमान युक्तियुक्तकरण में इन मानकों की अनदेखी की जा रही है।

### मंत्रालय का करेंगे घेराव

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला कोण्डागांव के जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह और अन्य पदाधिकारियों ने जिले के शिक्षकों को 28 मई को मंत्रालय के घेराव के लिए तैयार रहने को कहा है। जिले के समस्त शैक्षणिक संगठन 27 मई तक समाधान न निकलने पर 28 मई को मंत्रालय का घेराव करने की संयुक्त रणनीति बनाएंगे। यह आंदोलन शिक्षकों के अधिकारों और शिक्षा की गुणवत्ता के लिए एक बड़ा संघर्ष बनने जा रहा है।

## पेज 9 के शेष

### योजनाओं के क्रियान्वयन....

अनिवार्य रूप से मरम्मत करवाया जाए। साथ ही चिन्हित समस्याग्रस्त इलाकों में ध्यान केंद्रीत कर नवीन नलकूप खनन कर हैंडपंप स्थापना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संभाग के अंतर्गत हर घर जल प्रमाणीकरण कार्य में अद्यतन प्रगति लाने पर बल देते हुए जल जीवन मिशन के कार्यों को तेजी के साथ संचालित करने कहा। वहीं गुणवत्ता की कमी पर सम्बन्धित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाकर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान डिप्टी कमिश्नर आरती वासनिक एवं गीता रायस्त सहित कृषि, पशुपालन, लोक निर्माण, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, विद्युत वितरण कम्पनी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उद्योग इत्यादि विभागों के संभाग स्तरीय अधिकारी और अन्य विभागों के नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

खरीफ सीजन के लिए खाद-बीज एवं फसल ऋण की सुलभता पर करें फोकस : कमिश्नर ने खरीफ फसल सीजन के लिए किसानों को मांग के अनुरूप खाद-बीज एवं अन्य कृषि आदान सामग्री की उपलब्धता हेतु फोकस करने पर जोर देते हुए समाधान शिविरों में बीज और बीज मिनीकिट वितरित किए जाने कहा। साथ ही फसल ऋण हेतु किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद-बीज एवं फसल ऋण की सहायता में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के कृषकों तथा वनाधिकार पट्टेधारकों को पहली प्राथमिकता देने कहा। साथ ही मछलीपालन एवं पशुपालन, कुक्कुटपालन, सूकरपालन, बकरीपालन इत्यादि गतिविधियों के लिए भी अधिकाधिक किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने सभी विभागीय योजनाओं को सेचुरेशन की स्थिति में लाने पर जोर देते हुए कहा कि चयनित योजनाओं के अंतर्गत पात्र सभी लोगों को लाभान्वित किए जाने पर ध्यान केन्द्रित करें। निर्धारित लक्ष्य के आधार पर योजना क्रियान्वयन को वरीयता दी जाए। कमिश्नर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, लखपति महिला पहल, प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्ष्य के अनुरूप पंजीयन एवं आवास निर्माण, जियो टेगिंग के कार्य, ठोस तथा तरल अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत कार्यों की प्रगति की समीक्षा किए।

अंदरूनी इलाकों में शिविर लगाकर करें आयुष्मान कार्ड पंजीयन : कमिश्नर ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा दौरान आयुष्मान कार्ड प्रदाय पंजीयन में जिलों के अंदरूनी इलाकों में शिविर लगाकर ग्रामीणों के कार्ड निर्माण को गति देने कहा। इस हेतु छूटे हुए व्यक्तियों को लक्षित कर पंजीयन किए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालन तथा स्वास्थ्य शिविर, सिकलसेल स्क्रीनिंग की प्रगति, चिरायु योजना की प्रगति, पोषण पुनर्वास केंद्र के संचालन, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम में चिंहाकन व उपचार की स्थिति और मोतियाबिंद जांच की स्थिति की समीक्षा की गई।

### एचएसआरपी के लिए ...

अनुसार सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली के द्वारा सभी प्रकार के वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य किया है। इसके तहत 2019 के पहले के वाहनों में लगे नंबर प्लेट को बदलकर हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाया जा रहा है। यह प्लेट एल्युमीनियम से बनी होती है, इसमें वाहन की पूरी जानकारी देने वाला क्रोमियम आधारित होलोग्राम होता है। इसमें एक यूनिक लेजर कोड होता है, जिसे हटाना मुश्किल होता है, स्नैप लॉक होता है, जिससे इसे बिना अनुमति के नहीं बदला जा सकता, रेट्रो-रिलेक्टिव फिल्म होती है, जिससे कम रोशनी में भी वाहन आसानी से दिखता है। इससे वाहन चोरी रुकती है और चोरी होने पर वाहन आसानी से पकड़ा जा सकता है। इससे ट्रैफिक पुलिस को कानून-भंग करने वालों को पहचानने में आसानी होती है। इससे वाहन ट्रैकिंग और निगरानी बेहतर होती है, इससे वाहन पंजीकरण और कानून-पालन में सुधार होता है।

ब्लॉक मुख्यालय में लगेंगे काउंटर : कार्यालय के अनुसार बस्तर जिले में 3 स्थानों न्यायालय परिसर, तहसीलदार एवं आरटीओ कार्यालय परिसर में वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाने के लिए शिविर लगाया गया है। साथ ही जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालय में भी इसके लिए काउंटर लगाया जाएगा, जिससे वाहन मालिकों को परेशानी नहीं हो सके।

400 वाहनों का हो चुका पंजीयन : संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाने का काम जारी है। अब तक लगभग 400 वाहनों का रजिस्ट्रेशन व मोबाइल लिंक करने का काम हो चुका है। हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट में वाहन स्वामी के पंजीकृत वाहन में मोबाइल नंबर अपडेट किया जा रहा है, इसमें अब तक लगभग 90 वाहनों का एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाया गया है।

### विश्वविद्यालय प्रशासन...

रूरल टेक्नोलॉजी विभाग के आवेदक पीआर डडसेना को यूनिवर्सिटी ग्रान्ट कमीशन के तहत नये सिरे से भर्ती प्रक्रिया के बीच दावा-आपत्ति के समय आयु सीमा में छूट प्रदान कर दी। दरअसल आयु सीमा शिथिलता का लाभ देने से पूरी भर्ती प्रक्रिया संदेहों के दायरे में आ गई है। यदि आयु सीमा में शिथिलता प्रदान की गई तो नियमानुसार नये सिरे से विज्ञापन का प्रकाशन किया जाना था, ताकि पीआर डडसेना की तरह अधिक उम्र के अन्य आवेदकों को भी इसका लाभ मिल पाता। विश्वविद्यालय प्रशासन ने संशोधित विज्ञापन का प्रकाशन नहीं कराया और न ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट में संशोधन अपलोड कराया गया। इतना ही नहीं दावा-आपत्ति के बाद आवेदकों की नियुक्ति भी सीधे की जा रही है।

### बस्तर के संसाधनों ...

से अधिक के सार्वजनिक क्षेत्र एनएमडीसी के प्लांट को बेचने के लिए केंद्र की मोदी सरकार विनिवेशीकरण की सरकारी साइट "दीपम" पर सेल लगाकर रखी है। बस्तर के युवाओं के सरकारी नौकरी में रोजगार के अधिकार को बेच रही है। बैज ने मीडिया को बताया प्रदेश विष्णुदेव व केंद्र की भाजपा नीत सरकार के खिलाफ कांग्रेस बड़ा आंदोलन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा बस्तर के खनिज संसाधनों को बेचने से बचाने कांग्रेस के नेतृत्व में 26,27 और 28 को दंतेवाड़ा जिला में पदयात्रा के जरिये विरोध प्रदर्शन कर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### कांग्रेसियों ने मनाई राजीव गांधी की पुण्यतिथि



**घाटलोहंगा।** भारतरत्न व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवराम बिसाई के नेतृत्व में ग्राम पंचायत मूली में मनाया गया। इस दौरान बिसाई ने आधुनिक भारत के निर्माता, भारतरत्न, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी के जीवनी पर प्रकाश डाला गया और उनके कार्यों के बारे में बताया । इस मौके पर जगमोहन बघेल,नित्या चंद्राकर, विजय गोपाल चंद्राकार, राजमन भारती,सोनसिंह बिसाई, हरीबन्धु नाग,मितरनाथ बघेल,मदन सूर्यवंशी,मनीराम बघेल,कमलोचन भद्रे,मनबोध कश्यप, श्रवण बघेल,अरण सेठिया नीतू बघेल व अन्य मौजूद रहे।

बुडरा पारा तक पहुंचने से कतरा रहा है सुशासन

# दो गांवों के आवागमन में बाधक बन गया है नाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

सुशासन तिहार के बीच बकावंड ब्लॉक की तारेका पंचायत का अनदेखा सच सामने आया है। इस पंचायत के बुडरा पारा के लिए सुशासन तिहार बेमानी हो गया, गांव की समस्याओं के समाधान का कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा है। एक नाला दो बस्तियों के बीच बड़ा बाधक साबित हो रहा है। पुलिया विहीन नाले से त्रस्त ग्रामीण हर साल जंगल काटने को मजबूर हो जाते हैं। काटे गए पेड़ों के लट्ठों से ग्रामीण नाले पर अस्थाई पुल का निर्माणकरते हैं, जिसके दम पर आवागमन होता है।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार एक जन-जागरण और समाधान केंद्रित अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश के कोने-कोने तक शासन की योजनाएं पहुंचाई जा रही हैं और आमजन की शिकायतों का त्वरित निराकरण भी किया जा रहा है। स्वयं मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से अचानक विभिन्न जिलों और ब्लॉकों के किसी भी गांव में अचानक उतरकर जमीनी हकीकत का जायजा ले रहे हैं और लापरवाह अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दे रहे हैं कि काम करो या निलंबन के लिए तैयार रहो। इस उजली तस्वीर के बीच बस्तर जिले के बकावंड ब्लॉक की तारेका पंचायत से एक बदरंग तस्वीर भी सामने आई है। तारेका पंचायत एक गंभीर समस्या से जूझ रही है, जो सुशासन तिहार की आत्मा पर सवाल खड़ा करता है।

#### आखिर जिम्मेदार चुप क्यों?

यह पंचायत जनपद मुख्यालय बकावंड से लगभग 40-50 किलोमीटर दूर स्थित है, और अंतिम सीमा पर है। इस गांव की सीमा से कोंडागांव जिला व माकड़ी ब्लॉक जुड़ते हैं। घने जंगल और दूरस्थ होने के कारण यहां आने से अधिकारी बचते हैं। इस बीच एक बड़ा सवाल यह उठता है कि सुशासन तिहार जैसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के आयोजन के बावजूद तारेका पंचायत के बुडरा पारा की बुनियादी समस्याओं का समाधान क्यों नहीं हो पा रहा? क्या यह कार्यक्रम केवल औपचारिकता भर रह गया है?

#### पंचायत प्रतिनिधि मौन

ग्रामीणों ने विशेष रूप से सरपंच पति जोगेंद्र बघेल, उप सरपंच लखमू मंडावी, कोटवार मानकू नेताम, पटेल असमान बघेल, पंच चंद्रा पोयम, लिमबती बघेल, दसाय बघेल आदि का उल्लेख करते हुए कहा कि ये सब जानते हैं, लेकिन कोई आगे नहीं आ रहा।

#### पुलिया के बिना खेती चौपट

तारेका पंचायत की जनसंख्या लगभग 1000 है। पंचायत में चार पारा हैं तलपारा, माझीपारा, ऊपरपारा और हाल ही में विकसित बुडरा पारा। बुडरा पारा जाने के रास्ते में बहने वाले नाले पर पक्का पुलिया नहीं है। यही नहीं, ग्रामीणों के खेत भी इसी पार में हैं, और खेत तक पहुंचने के लिए उन्हें हर साल 10-20 पेड़ काटकर अस्थायी लकड़ी का पुल बनाना पड़ता है।इससे न सिर्फ पर्यावरणीय नुकसान होता है, बल्कि ग्रामीणों की जान और फसल के लिए खतरे की घंटी भी है। बरसात में जब नाले में बाढ़ आ जाती है, तब लकड़ी का पुल बह जाता है और ग्रामीण खेत नहीं जा पाते। इस वर्ष यदि पुलिया का निर्माण नहीं हुआ, तो कई किसान खेती ही नहीं कर पाएंगे। ग्रामीणों के अनुसार कई बार सरपंच, जनपद सदस्य, बस्तर सांसद और विधायक तक से पुलिया निर्माण की मांग की जा चुकी है। सुशासन तिहार के दौरान भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया है। लेकिन आज तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। यह विडंबना है कि निर्विरोध रूप से चुने गए सरपंच के नेतृत्व में भी विकास के ऐसे जरूरी काम अटक गए हैं।

## शिकायत लेकर ग्रामीण पहुंचे विधायक कार्यालय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्राम पंचायत डिमरापाल के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज के सामने बना दुकान एवं झोपड़ी को हटाये जाने की शिकायत लेकर ग्रामवासी चित्रकोट विधायक विनायक गोयल के कार्यालय धरमाउर पहुंचकर मुलाकात की। विधायक उनकी समस्या को सुनकर त्वरित कार्यवाही करते हुए उच्च अधिकारी के मुख्य वन संरक्षक को तत्काल फोन के माध्यम से अवगत कराया गया एवं उन्त समस्या को तत्काल निराकरण के लिए उच्च अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान रामचन्द्र, गोविन्द, ठिबरू, महादेव नाग, जोतीराम कश्यप (संरपच डिमरापाल) गोलू, सुकरू बघेल, बलराम कश्यप एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



## स्वास्थ्य संयोजकों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के बकावंड विकास खंड के स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी एवं पर्यवेक्षकों ने डाटा इन्ट्री का काम नसिंर्ग संवर्ग से कराने पर आपत्ति जताया है एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश मरकाम को ज्ञापन दिया है। प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ कार्यक्रम व ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने वाल स्वास्थ्य संयोजको से आनलाइन डाटा इन्ट्री कराने पर प्रदेशभर के 5200 स्वास्थ्य केन्द्रों के महिला व पुरुष स्वास्थ्य संयोजक विरोध कर रहे है। प्रदेश के स्वास्थ्य संयोजक ने कहा कि उनकी नियुक्ति नसिंर्ग सेवाए व राष्ट्रीम स्वास्थ्य कार्यक्रमा के कियान्वयन व लोगो तक स्वास्थ्य सुविधां पहुंचाने के लिए हुई है। विभाग के उच्च अधिकारी दबाव पूर्वक आनलाइन डाटा इन्ट्री करवा रहे है इस कारण उनके मूल काम टीकाकरण ओपीडी मलेरिया मुक्त बस्तर हेल्थ एंड वेलनेस संबंधी कार्यक्रम प्रभावित हो रहे है। उच्च अधिकारी ही काम में लापरवाही का आरोप लगाकर कारवाही आदेश प्रसारित कर रहे है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष टारजन गुप्ता ने बताया कि आन लाइन डाटा इन्ट्री का काम दूसरे संवर्ग का है स्वास्थ्य कर्मियो के पास पूर्व में ही कई राष्ट्रीय कार्यक्रमों का बोझ है। संघ के जिला मिडिया प्रभारी दिनेश पराते ने बताया कि ज्ञापन देने के अवसर पर जिला अध्यक्ष स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के पंकज सेठिया, ब्लाक अध्यक्ष बकावंड के अंतू भद्रे, राजेन्द्र बघेल, अनिल भारती, मनीब बघेल, किशोर बघेल, मिनकेतन मांझी, पर्यवेक्षक रागिनी मसीह, टिकेश्वरी भद्रे, लोचना कश्यप शामिल रहे।

## विस्थापन नोटिस का वार्डवासियों ने किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

लौह नगरी किरंदुल में एनएमडीसी के लीज जमीन पर अनेक वर्षों से वैसे लोगों को अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से वार्ड क्रमांक 12, फाइनोर कैम्प, किरंदुल में 50 वर्षों से अधिक समय से रहने वाले निवासियों को विस्थापित करने के लिए नोटिस नगर पालिका प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दिए जाने पर वार्डवासियों द्वारा उसका विरोध किया गया। वार्डवासियों ने यह कहकर नोटिस नहीं लिए कि विगत दिनों बैठक में विस्थापन संबंधी सुझाव दिए गए थे जिसके संबंध में कोई भी जानकारी नहीं दी गई। सीधे सीधे नोटिस थमाने की कोशिश की गई जिसका वार्डवासीयो के द्वारा भारी विरोध कि गई साथ ही इस संबंध में नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों को कोई भी जानकारी नहीं दी गई।

वार्डवासियों ने कहा कि इस गंभीर विस्थापन के मुद्दे पर एनएमडीसी एवं प्रशासन जल्दबाजी न करे तथा इतने वर्षों से निवासरत कबीजो के लिए मानवीय आधार पर उचित निर्णय प्रशासनिक अधिकारियों, एनएमडीसी के अधिकारी एवं नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों, वार्ड नंबर 12 के वार्डवासियों के साथ बैठक कर लिया जाए। इस संबंध में सभी वार्डवासियों ने मिलकर किरंदुल नगर पालिका अध्यक्षा रूबी शैलेन्द्र सिंह एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि भूषण महापात्र को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान पार्षद के सजी, राजकुमार सोनी, अनिल मरकाम, नरसिम्हा राव, सुरेश, सागर, अन्नू छतरी एवं समस्त वार्डवासी उपस्थित थे।



## सेना के सम्मान में निकाला गया सिंदूर यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

शासन के निर्देशानुसार कार्यालय नगर पंचायत कोंटा से भारतीय सेना के सम्मान में सिंदूर यात्रा निकाला गया जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे, उपाध्यक्ष पी विजय मंडल, अध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी तथा विकास खंड के प्रमुख अधिकारी एसडीएम शाबाब खांन तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी झम्मन लाल साहू के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मितानिन महिला स्व सहायता समूह एवं कोंटा के गणमान्य नागरिक भाजपा महिला मोर्चा मंडल के पदाधिकारियों ने प्रमुख रूप से सिंदूर यात्रा में शामिल हुए। ज्ञात हो कि भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम के सम्मान में निकाले गए इस यात्रा में खास तौर से भारतीय नारी जिंदाबाद व जय जवान जय किसान वंदेमातरम के नारों ने हाथ में तिरंगा लिए ऑपरेशन सिंदूर सेना के साथ राष्ट्र के साथ होने का संदेश दिया। देशभक्ति के जोश और भारतीय सेना के सम्मान से सराबोर इस यात्रा में बड़ी संख्या में नागरिकों ने हिस्सा लिया। रैली कोन्टा के नगर पंचायत से शुरू होकर अटल चौक अम्बेडकर चौक होते हुए शहर में निकली। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष साई रेड्डी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, जिला उपाध्यक्ष नूपुर वैदिक, जिला मंत्री टी विजेंद्र कुमार आदि शामिल थे।

## उचित मूल्य की दुकान जर्जर अवस्था में, अधिकारियों का ध्यान नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

वार्ड क्रमांक 16 जोगा पारा में स्थित शा. उचित मूल्य की दुकान सह गोदाम जो कि 2012-13 में निर्मित हुआ था, पूरी तरह जर्जर अवस्था में हैं। दुकान का प्लास्टर लगभग झड़ गया हैं। सिपेज कि समस्या हैं, जिससे दुकान में सामग्री कि गुणवत्ता प्रभावित हों सकती हैं, दुकान में नमी या किटो के प्रवेश कि संभवना बढ़ गयी हैं। दुकान के खराब हालत के कारण कई वर्षो से इसमें ताला लगा हुआ हैं। पारा के लोगो को अपने दैनिक उपयोग के जरुरत के सामग्री के लिए दूसरे पारा में कई वर्षो में जाना पड़ रहा हैं, शासन प्रशासन का इस और कोई ध्यान नहीं हैं। इस सम्बन्ध में वार्ड निवासी कमलू राम मंडावी का कहना हैं कि उचित मूल्य कि दुकान कि समस्या को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। दुकान को ठीक से मरम्मत या नविनकृत करके लोगो को आवश्यक वस्तुए उपलब्ध कराने के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण प्रदान किया जाना चाहिए। इस सम्बन्ध में वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद धनसिंह नाग से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि खाद्य विभाग के मुख्य अधिकारी कीर्तिक भौतिक,सीएमओ नगरपालिका बचेली , फूड इंस्पेक्टर, गुड्डा साव व वे स्वयं निरक्षण करने जोगा पारा पहुचे थे, एवं खाद्य विभाग अधिकरी ने कुछ महीनों में ही इसके मरम्मत का आश्वासन दिया हैं।

### कांवड़गांव में राशन दुकान का भवन हुआ पूरा

बीजापुर। विकासखंड के सुदूर गांव कावंड़गांव जो ग्राम पंचायत बुरजी के आश्रित गांव है। कांवड़गांव माओवाद प्रभावित गांव था छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार के तहत उक्त गांव में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे बुनियादि सुविधाएं उपलब्ध कराने शासकीय योजनाओं का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जा रहा है। कांवड़गांव के 270 राशनकार्ड धारी परिवार पूर्व में 15 किलोमीटर दूर गंगालूर स्थित शासकीय उचित मूल्य के दुकान से राशन लेने को मजबूर थे। फिर जिला प्रशासन की मदद से उक्त गांव तक ट्रेक्टर के माध्यम से राशन पहुंचाकर ग्रामीणों में वितरण किया जाने लगा। चूकिं गांव में शासकीय राशन दुकान भवन नहीं होने से भंडारण की समस्या बनी रहती थी राशन के समुचित भंडारण एवं सुगमतापूर्वक राशन वितरण हेतु डीएमएफ फंड से राशन दुकान के भवन का निर्माण कराया गया है। भवन अब पूर्ण हो चुकी है और स्वयं के भवन में राशन वितरण होने से ग्रामीणों में भी उत्साह देखने को मिल रहा है।

## उसूर ब्लॉक के चेरामंगी में लगा समाधान शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 21 मई को उसूर ब्लॉक के चेरामंगी में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। उक्त शिविर में आवापल्ली, चिंताकोंटा, मुरदंडा, चेरकडोडी, नुकनपाल, पुसगुड़ी एवं मुरकीनार के ग्रामीण शामिल हुऐ।

- ग्रामीणों के मांग एवं समस्याओं का हुआ निराकरण

समाधान शिविर में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने ग्रामीणों को अधिक से अधिक शासकीय योजनाओं से जुड़ने, योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन स्तर में सुधार लाने को कहा जानकी कोरसा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से वनांचल में बदलाव की बयार आ गई। सुशासन की सरकार से अंतिम व्यक्ति तक अब योजनाएं पहुंच रही है। बीजापुर जिले में शांति, सुरक्षा और विकास की रफ्तार तेज हुई है। वहीं शासन के नीति से हर वर्ग को लाभ पहुंच रहा है। शिविर के माध्यम से प्रथम चरण में प्राप्त 969 आवेदनों के विभागवार निराकरण से ग्रामीणों को अवगत कराया गया। वहीं प्रधानमंत्री आवास, व्यक्तिगत शौचालय सहित विभिन्न विभागों से लाभान्वित हितग्राहियों को उपस्थित जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लाभान्वित किया गया। समाधान शिविर में 281 नवीन आवेदन भी प्राप्त हुऐ जिनको निराकरण की प्रक्रिया जारी है।

## बैठक में जागरूकता अभियान चलाने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

जनपद पंचायत बकावंड के समरसता भवन में आज 15 पंचायतों के सरपंचों, सचिवों एवं पंचायत प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य था कि गांवों में 15वें वित्त आयोग के तहत हो रहे निर्माण कार्यों के साथ-साथ व्यापक जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जाए, ताकि ग्रामीणों में इन विकास कार्यों के प्रति अपनापन और जिम्मेदारी की भावना विकसित हो। बैठक का आयोजन सरपंच संघ के अध्यक्ष श्री रिमाधर बघेल एवं सचिव संघ के अध्यक्ष रमेश ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया। उनकी प्रेरणा से सभी पंचायत प्रतिनिधियों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने-अपने गांवों में केवल निर्माण कार्य तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि गांववासियों को जागरूक कर उन्हें इन कार्यों से जोड़ेंगे।

इस बैठक में सरगीपाल, बाजावंड, पीठापुर, संह कर्मारी, उलनार, बनियागांव, सौतपुर, कोसमी, मोंगरा पाल, कोरता, छापा पदर, नलपावंड, कोलावल सहित कुल 15 पंचायतों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी पंचायतों ने आपसी सहमति से निर्णय लिया कि वे अपनी पंचायतों को आदर्श पंचायत के रूप में विकसित करेंगी। इसके लिए यह जरूरी होगा कि ग्रामीण यह महसूस करें कि यह नाली हमारी है, यह जल व्यवस्था हमारी है, यह आंगनबाड़ी हमारे बच्चों की है। प्रतिनिधियों ने कहा कि इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम, ग्राम सभाएं, चौपाल व दीवार लेखन जैसे माध्यमों से लोगों को जोड़ा जाएगा।

## 156 ग्रामों में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत लगाए जाएंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के जनजाति ग्रामीण क्षेत्र में मूलभूत बुनियादी सुविधाएं जैसे सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और चिकित्सा सुविधाओं को ग्रामीणों की आवश्यकता अनुसार बेहतर स्वरूप एवं जमीनी क्रियान्वयन को मूर्तरूप देने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत दंतेवाड़ा जिले के 156 ग्राम को इस अभियान में शामिल किया गया है।

- 15 से 30 जून तक आयोजित होंगे शिविर
- कलेक्टर ने विभाग प्रमुखों को शिविर के सफल संचालन तथा और ग्रामीणों को योजनाओं से शत-प्रतिशत संतृप्तीकरण करने के दिए निर्देश

इनमें विकासखण्ड दंतेवाड़ा के 34, गीदम के 42, कटेकल्याण के 51 एवं कुआकोंडा के 29 शामिल है। इन ब्लॉकों के 156 ग्रामों में शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु समन्वित कार्य योजना बनाकर सभी विभागों ने कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इन गांवों में शासन की विभिन्न योजनाओं से शत-प्रतिशत लोगों को लाभान्वित करने के लिए 15 जून से 30 जून तक धरती आबा संतृप्तिकरण शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविर में ग्रामीणों को 17 विभागों की योजनाओं से यथासंभव मौके पर ही लाभान्वित किया जाएगा। इन शिविरों में ग्रामीणों को संबंधित विभागों के योजनाएं जैसे पक्के घर - (प्रधानमंत्री आवास योजना)- ग्रामीण, संपर्क सड़क (प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना), जल आपूर्ति-जल जीवन मिशन सामुदायिक नल नल,घरों का विद्युतीकरण, नई सौर ऊर्जा योजना (ऑफ-ग्रिड सोलर), मोबाइल चिकित्सा इकाइयाँ (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन), आयुष्मान कार्ड प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, एलपीजी कनेक्शन -(प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना), आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना - पोषण अभियान, 1000 छात्रावास,पोषण वाटिकाएँ - राष्ट्रीय आयुष मिशन, यूएसओएफ भारत नेट,स्किल इंडिया मिशन (मौजूदा योजनाएं) प्रस्ताव, डिजिटल पहल, सतत कृषि को बढ़ावा - कृषि और किसान कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाएं, मछली पालन सहायता - प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना , पशुधन पालन - राष्ट्रीय पशुधन मिशन, क्षमता निर्माण-राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, ट्राइबल होम स्टे- स्वदेश दर्शन और पीएमएएजीवाय से लाभान्वित किया जाएगा।



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने 15 जून से लगने वाले संतृप्तिकरण शिविर का बेहतर एवं सुचारू क्रियान्वयन करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए है। साथ ही धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत अपने गांवों के समग्र विकास के लिए ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया है कि इस अभियान के तहत गांव की स्थानीय जरूरतों के हिसाब से विकास योजनाओं को बनाने, उनका संचालन करने और उसमें आने वाली समस्याओं को नियमानुसार सुलझाने के लिए इन शिविरों में ग्रामीणों की अधिक से अधिक भागीदारी जरूरी है। अतरू ग्रामीण जन इन शिविर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होवें।

## छठवीं लिस्ट जारी करने की मांग को लेकर डीएड अभ्यर्थी मिले मंत्री से



**परचनपाल।** सहायक शिक्षक भर्ती के रिक्त 1316 पदों पर जल्द 6वीं लिस्ट जारी करने की मांगो को लेकर डीएड अभ्यर्थी 20 मई को बड़ी संख्या में रायपुर कैबिनेट मंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व उपाध्यक्ष से मिलने पहुचें, उनसे मिलकर अपनी मांगो को रखा। ज्ञात हो की छत्तीसगढ़ सहायक शिछक भर्ती 2023 का मामला हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट तक गया था जिसमे कोर्ट ने आदेश पारित किया था बीएड अभ्यर्थियों की जगह योग्य डीएड अभ्यर्थियों की जल्द नियुक्ति किया जाए। जिसके पश्चात डीएड अभ्यर्थियों की पंचम चरण की कॉउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ की गई जिसमें लगभग 2615 अभ्यर्थियों को केवल 1:1 मे बुलाया गया था जिसमे नॉन डीएड अभ्यर्थी व अपात्र लोगो को भी बिना डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के स्कूल अलॉट कर दिया गया जिसके कारण अभी 50 प्रतिशत सीटे रिक्त रह गई हैं, वर्तमान मे रिक्त पदों की संख्या 1316 है, पंचम चरण की कॉउंसलिंग के 2 माह पश्चात भी अब तक विभाग द्वारा इन रिक्त पदों पर 6 वी चरण की लिस्ट जारी नहीं किया जा रहा है न हीं किसी प्रकार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाई जा रही है अभ्यर्थी बार बार विभाग जाकर थक चुके हैं विभाग जाने पर भी अधकारियों द्वारा स्पष्ट और सही जानकारी नहीं दिया जा रहा है बस टालमटोल कर बातो को घुमा दिया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

### टेलीफोन अदालत कम ओपन हाऊस 30 को

जगदलपुर। दूरसंचार बस्तर वाणिज्यिक क्षेत्र (जिला कांकेर, बस्तर, दन्तेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा एवं कोण्डागांव) के समस्त उपभोक्ताओं के लिए 30 मई को 11 बजे बीएसएनएल के महाप्रबंधक के कार्यालय में टेलीफोन अदालत कम ओपन हाऊस लगाएगा। अदालत में टेलीफोन संयोजन, वियोजन, स्थानांतरण, खराबी एवं अधिक बिलिंग संबंधी शिकायतें जो तीन माह से अधिक या कम अवधि से लंबित हों तथा जिन पर विभाग द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई हों ऐसे प्रकरण लिए जाएंगे। बीएसएनएल के सहायक महाप्रबंधक ने बताया कि उपभोक्ता लिखित शिकायत वाणिज्यिक अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से (ऑन द स्पॉट) या डाक द्वारा भेज सकते है। उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण बीएसएनएल सर्किल ऑफिस रायपुर द्वारा किया जाएगा।

### 6 आवेदकों का बना लर्निंग लाइसेंस



सुकमा। सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में आयोजित समाधान शिविरों में आम जनता द्वारा प्रस्तुत आवेदनों का त्वरित और प्रभावी निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन के कुशल मार्गदर्शन में यह कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत गुफड़ी, सुकमा में आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर में लाइसेंस बनवाने संबंधी आवेदन का त्वरित निराकरण किया गया। अधिकारियों ने मौके पर ही आवश्यक दस्तावेज जमा कर संबंधित आवेदक को राहत प्रदान की। उल्लेखनीय है कि जिले भर में इस तरह के समाधान शिविरों का आयोजन कर समस्याओं को मौके पर ही निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को त्वरित लाभ मिले। जिला परिवहन अधिकारी शिव भगत रावटे ने बताया कि सुशासन तिहार के माध्यम से परिवहन विभाग से संबंधित आवेदनों का निराकरण कर, आम लोगों तक सीधे लाभ पहुंचाया जा रहा हैं। सुशासन तिहार में लाइसेंस बनवाने के लिए कुल 273 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमे से 252 पात्र आवेदकों को आवश्यक कार्यवाही पूरी कर लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया गया है।

## कुंरदी में समाधान शिविर का हुआ आयोजन, विधायक हुए सम्मलित

# सरकार योजनाओं का कर रही सफल क्रियान्वयन : देव

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बुधवार को विधानसभा क्षेत्र के कुंरदी क्लस्टर के ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में 10 ग्राम पंचायतों को सम्मिलित किया गया। जिसमें ग्राम हल्बा कचोरा, आड़ावाल, नकटी सेमरा, मारकेल, शिवनागुड़ा, कुरंदी, बिलोरी धनियालूर, चिलकुटी,पोडागुड़ा सम्मिलित रहे। शिविर में 9284 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें 9284 आवेदनों का निराकरण किया गया है। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्राप्त हुए थे। समाधान शिविर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने स्थानीय हल्बी बोली में सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में जनसमस्याओं पर त्वरित सुनवाई करने और उनके मांगों को पूरा करने के उद्देश्य से हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर आम जनमानस की समस्याओं के समाधान के लिए एक प्रभावी पहल साबित हुआ है। देव ने कहा छत्तीसगढ़ शासन सभी वर्गों को जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर रही है। जनता की आवश्यकता के अनुरूप विकास कार्य हो रहे हैं। राज्य सरकार की मंशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सभी की सहभागिता हो। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी को मिलें यह हमारी सरकार की मंशा है। इसी उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सभी जागरूक जनसाधारण ने आवेदनों के माध्यम से अपनी मांग रखी है जिसका विभागों द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण किया गया और समाधान शिविर में जानकारी दी जा रही है। देव ने कहा कि सुशासन तिहार में आवेदनों का निराकरण जिस तेजी के साथ किया गया। यह सतत रूप से जारी रहेगी, ताकि ग्रामीणों को छोटी-छोटी समस्या और मांग के लिए तहसील और जिला मुख्यालय तक जाने की जरूरत नहीं हो। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर विकास में सहभागी बनने का आग्रह किया।

इस दौरान जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, विद्याशरण तिवारी, जनपद उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्यगण एवं मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, जनपद सीईओ अमित भाटिया व सरपंच गण तथा अधिकारी व कर्मचारी व नागरिक उपस्थित थे।

### समस्याओं का हो रहा निराकरण

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के मुताबिक समाधान शिविर में आम जनता की समस्या-मांगों का त्वरित निराकरण हो रहा है। वहीं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। यह सुशासन शहर और गांवों के हर व्यक्ति तक पहुंचे, यह सार्थक प्रयास सरकार कर रही है। उन्होंने इस शिविर से सभी को लाभ लेने का आग्रह किया। सभी मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है।

### किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण

कार्यक्रम में विभागों के अधिकारियों द्वारा सुशासन तिहार में मिले आवेदनों का निराकरण की जानकारी तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विभागीय योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान किताब,सामाजिक सहायता पेंशन स्वीकृति आदेश, प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण स्वीकृति आदेश और सामग्रियों का वितरण भी किया गया।

## छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति सादगी मधुरता और परम्परा का प्रतीक



हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने अश्लील छत्तीसगढी गाने के विरोध मे पुलिस अधीक्षक के नाम मांगपत्र सौंपा। ज्ञात हो की सोशल मीडिया के माध्यम से पिछले कुछ दिनों से

- विहिप बजरंगदल ने अश्लील छत्तीसगढ़ी गानों के विरोध में कार्रवाई के लिए सौंपा मांगपत्र

अश्लील छत्तीसगढी भाषा मे गाने वायरल हो रहें थे,जिसके खिलाफ बजरंग के कार्यकर्त्ताओ ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे उक्त गाने के संगीतकार कलाकार एवं जो भी इस गाने के निर्देशक है सभी के खिलाफ कार्यवाही के लिए मांगपत्र देंकर एफआईआर की मांग की है।

विहिप नगर मंत्री विक्रम सिंह ठाकुर ने कहा की छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति सादगी मधुरता और परम्परा का प्रतीक है। मनोरंजन के नाम पर इसकी आत्मा को एवं संस्कृति को धूमिल करना और बदलने का प्रयास करना दुर्भाग्य पूर्ण है। ऐसे गानों पर तुरंत रोक लगनी चाहिए एवं ऐसे निर्देशक एवं कलाकारों पर उचित कार्यवाह होनी चाहिए। बजरंगदल जिला संयोजक मुन्ना बजरंगी ने कहा की छत्तीसगढ़ को हम सभी महतारी के रूप मे उसकी कला संस्कृति एवं समरसता के लिए पूजा जाता है और यहां के कलाकार भी छतीसगढ़ की लोक कलाओ को पूजनीय मानते है। इस दौरान बजरंगदल जिला संयोजक मुन्ना बजरंगी,गौ रक्षा प्रमुख विष्णु ठाकुर,बस्तर प्रखंड अध्यक्ष विवेक शुक्ला,नगर मंत्री विक्रम सिंह ठाकुर, नगर संयोजक भवानी चौहान,काशी चालकी,तमीश नायडू सहित बजरंगी कार्यकर्ता उपस्तिथ थे

### फूहड़ता बर्दास्त नहीं की जाएगी

एसपी को सौपे मांगपत्र में विहीप-बजरंग दल के पदाधिकारियो ने कहा कि मनोरंजन के नाम पर फुहड़ता बर्दास्त नहीं की जाएगी। ऐसे गाने पर तुरंत रोक लगे जिससे समाज मे अश्लीलता परोसी जा रही है। यदि भविष्य मे ऐसे गाने दोबारा बने तो विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ऐसे लोगो के खिलाफ जो छत्तीसगढ़ की संस्कृति को धूमिल करने का कुकृत्य करेंगे उनके खिलाफ उग्र आंदोलन करने एवं कडे कार्यवाही करने मे पीछे नहीं हटेगा।

## जनप्रतिनिधियों ने दिए हितग्राही मूलक सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

नगर पंचायत दोरनापाल में वार्ड क्रमांक 4 में स्कूल के पास आज सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान

- स्वास्थ्य जांच के साथ प्रमाण पत्रों का वितरण
- दोरनापाल में समाधान शिविर का आयोजन




शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में ग्रामीणों को हितग्राही मूलक सामग्री, प्रमाण पत्र, किसान पुस्तिका और आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच भी की गई।

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाएं आम जनता तक पहुंच रही हैं। उन्होंने जल संरक्षण, बालिका शिक्षा और सामाजिक समानता पर बल दिया और ग्रामीणों को पानी बचाने की शपथ दिलाई। शिविर में हितग्राहियों को क्षतिपूर्ति राशि के तहत चेक वितरण, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, बच्चों को जाति व जन्म प्रमाण पत्र, हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं के गोदभराई और बच्चों के अन्नप्राशन संस्कार भी कराए गए। विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी और स्वास्थ्य विभाग ने शुगर, बीपी की जांच कर दवाइयां वितरित कीं। समाधान शिविर ने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जोड़ते हुए सेवा और सुशासन की मिसाल पेश की।

शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष राधा नायक, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदोरिया, नगरपालिका अधिकारी हूंगाराम गोंदे सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक उपस्थित रहे।

## संध्याकालीन नियमित योग कक्षा का शुभारंभ

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बुधवार को पतंजलि योग परिवार द्वारा संध्याकालीन नियमित योग कक्षा का शुभारंभ मां भारती के समक्ष पतंजलि योग समिति के प्रदेशाध्यक्ष डॉ मनोज पानाग्राही ने दीप प्रजव्वलन के साथ किया। आज से शुरू हुई संध्याकालीन योग कक्षा के संचालिका रमोला मांडवी व सावित्री पाण्डे को बधाई और शुभकामनाएँ देते डॉ पाणिग्राही ने उन्हें योग साधकों के लिये आदर्श बताया। उन्होंने कहा संध्यकालीन योगकक्षा विशेष कर कामकाजी महिलाओं के उपयोगी सिद्ध होगा। इसमे भाग लेने वाली सभी महिलाओं ने पतंजलि परिवार का आभार माना। डॉ पाणिग्राही के मुताबिक सुबह घरेलू कार्यवश महिलाएं योग में भाग नहीं ले पाती है,उनके लिये शाम की कक्षा अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। रमोला माण्डवी व सावित्री पाण्डे के पुरुषार्थ से महिलाओं के लिए योग कक्षा की नगर में यह शाम की * री कक्षा है, महिलाओं ने इसे निरंतर बनाए रखने का संकल्प लेते हुए औरों को जोड़ने का संकल्प दुहराया। इस दौरान पोडियम गार्डन, अर्शिया स्काई अपार्टमेंट में हर्षोल्लास से मनाया पतंजलि निःशुल्क नियमित योग कक्षा का प्रथम वर्षगांठ मनाया गया।

इस अवसर पर मान कोराम, उमेश सोनी, कर्नल ए कर, अशोक कुमार दास, दीपक गुप्ता, उमा वस्त्रकार, रूपा हमपाल, कल्पना वानखेड़े, प्रतिमा दास, सुखबीर कौर, ज्योति एपारी, कैलाश नाथ मेहरोत्रा, नरेंद ऐपारी सहित योग प्रेमी साधक और बच्चे उपस्थित रहे।

## नाली निकासी समस्या को हल करने निर्माण बेहतरीन उपाय : निर्मल

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गुरु गोविंद सिंह वार्ड के कोटवार पारा मे बुधवार को पीडब्लूडी सभापति निर्मल पाणिग्रही एवं पार्षद संग्राम सिंह राणा की उपस्थिति में वीरेंद्र सिंह ठाकुर घर से किराना स्टोर तक

- गुरु गोविंद सिंह वार्ड के कोटवार पारा में आरसीसी नाली निर्माण का भूमि पूजन



आरसीसी नाली निर्माण 220 मीटर लागत 7 लाख 87 हजार अधो संरचना मद से नाली निर्माण का भूमि पूजन हुआ।

यह निर्माण कार्य क्षेत्र की जल निकासी समस्या को हल करने और स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सभापति निर्मल पाणिग्रही ने कहा इस कार्य के माध्यम से क्षेत्र में साफ सफाई, जल निकासी और बुनियादी सुविधाओं का स्तर बढ़े जिससे निवासियों को आरामदायक और सुरक्षित वातावरण मिले। पार्षद संग्राम सिंह राणा ने कहा के विधायक किरण सिंह देव की अनुशंसा से एवं महापौर संजय पांडे के मार्गदर्शन में बरसों पुरानी मांग आज पूरा होने जा रहा है। जिसमें वार्ड वासी मे हर्ष व्याप्त है। बारिश होने से पहले पानी की निकासी की समस्या को हल करने के लिए कार्य किया जा रहा है। जिससे बाढ़ और जल जमाव की समस्या से बचा जा सके।

इस अवसर पर मुख्य रूप से रमा सवनक, सुरेश कश्यप, राजू बघेल,शिव चरण जॉन, शिवेंद्र ठाकुर,दामू बघेल,देवार्षि समर्थ, अनिल साव, श्री समर्थ, ऋचा सिंह, मनीषा समर्थ, तुलसी सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।

## संग्रहालय मानव जीवन के क्रमिक विकास को दिखाता है : पीयूष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के इतिहास एवं मानव विज्ञान और जनजातीय अध्ययनशाला के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन

- संग्रहालय दिवस के उपलक्ष्य में विवि में कार्यक्रम आयोजित



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम का संचालन डॉ भेनू ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ भुनेश्वर लाल साहू ने किया। कार्यक्रम में एसोसिएट प्रो डॉ सुकृता तिर्की व डॉ सजीवन कुमार सहित विभिन्न अध्ययनशालाओं के शिक्षक डॉ विष्णु प्रताप सिंह,डॉ रविन्द्र कुमार यादव,डॉ राकेश कुमार खरवार, डॉ गुरप्रीत सिंह,डॉ अनिता कुर्रे, भारती भवानी,शेरसिंह घृतलहरे, नीलम साहू , देवेंद्र यादव, रंजीता पटेल एवं स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

किया गया। तेजी से बदलते समाज में संग्रहालय का भविष्य नाम से आयोजित व्याख्यान में कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं सुप्रिटेंडिंग एंथ्रोपोलॉजिस्ट एवं भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण के जगदलपुर कार्यालय प्रमुख डॉ. पीयूष रंजन साहू उपस्थित थे।

बतौर मुख्य वक्ता डॉ पीयूष ने कहा कि संग्रहालय केवल ऐतिहासिक समान रखने और उसे देखने का स्थान नहीं है बल्कि यह मानव विज्ञान से जुड़ा रिसर्च का केंद्र होता है। म्यूजियम में हम मानव के वैज्ञानिक विकास से जुड़े तथ्यों को देख पाते हैं। संग्रहालय को देखकर यह पता लगाया जा सकता है कि मानव समुदाय ने अब तक कितना विकास कर लिया है अथवा उसकी संस्कृति क्या रही है। मनुष्य हर विषय से जुड़ा होता है इसलिए मानव विज्ञानी जब मनुष्य का अध्ययन करते हैं तो उन्हें हर विषय की गहराई का पता चल जाता है। अपने उद्बोधन में डॉ पीयूष ने देश के प्रमुख 15 प्रकार के संग्रहालयों की भी विस्तार से जानकारी दी।

कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि लिटरेचर बेस्ड लर्निंग की तरह विजुअल बेस्ड लर्निंग भी प्रभावी होता है। विजुअल के सहारे समझना आसान होता है। संग्रहालय हमें ज्ञान और रिसर्च के लिए विजुअल उपलब्ध कराने में मदद करते हैं। संग्रहालय के सहारे हमें प्री हिस्ट्री इरा को भी समझने और उसका मूल्यांकन करने में मदद मिलता है। प्रो श्रीवास्तव ने कहा कि बस्तर संभाग में एक विकसित संग्रहालय की आवश्यकता है और भारत सरकार इस पर तीव्र गति से कार्य कर रही है। मानव विज्ञान अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष प्रो स्वपन कुमार कोले ने कहा कि कोई भी देश या राष्ट्र कितना समृद्ध रहा है यह देखने के लिए वहाँ के संग्रहालयों को देखना बहुत जरूरी है। संग्रहालयों को देखकर यह सहज बताया जा सकता है कि उस देश ने कितनी प्रगति की है। विश्वविद्यालय के हर विद्यार्थी को संग्रहालयों का भ्रमण और अवलोकन करना चाहिए। इसके सहारे वे समाज की ओरिजिनलिटी और विलुप्त होते इंडिजेनस कल्चर को जान पाएंगे।

## सुशासन तिहार दिखावटी और भ्रामक आयोजन : चौधरी

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने जारी बयान में कहा प्रदेश के जनमानस को भ्रमित करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित किया जा रहा तथा कथित सुशासन तिहार एक दिखावटी और भ्रामक आयोजन है। यह आयोजन जनता की मूल समस्याओं–महंगाई, बेरोजगारी,भ्रष्टाचार और सामाजिक असमानता–से ध्यान भटकाने का एक सुनियोजित प्रयास है। भाजपा केवल भाषणों और पोस्टरों तक सीमित है। जमीनी हकीकत यह है कि सरकारी योजनाएं लचर क्रियान्वयन, बिचौलियों और पक्षपातपूर्ण राजनीति की भेंट चढ़ चुकी हैं। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा,और आम जनता महंगाई से त्रस्त है। चौधरी ने कहा भाजपा अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों का सहारा ले रही है। सुशासन तिहार में जनमानस ने शौचालय निर्माण के लिए आवेदन दिया था सामुदायिक भवन बनाने के लिए आवेदन दिया था रोड, नाली, सड़क, बिजली, व जल समस्या के लिए आवेदन दिया था इन सब समस्याओं को दरकिनार करते हुए जनता के द्वारा सरकार को दी जाने वाली टैक्स की धनराशि का दुरुपयोग करते हुए बड़े-बड़े इवेंट करके जनता को दिग्भ्रमित किया जा रहा है।

## कोरपाल में जलसंकट, ग्रामीणों ने कलेक्टर से की मुलाकात

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नल जल योजना अंतर्गत ग्राम कोरपाल में सोलर टैंको से पाइपलाइन कनेक्शन जोड़ने को लेकर बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा

- समूचा बस्तर पेयजल संकट से गुजर रहा : नवनीत



के नेतृत्व में ग्रामवासियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा है। बस्तर में विभिन्न जनमुद्दों के साथ जल संकट को लेकर पहले से बस्तर की आवाज बुलंद करते नवनीत चांद ने कहा कि बस्तर में पेयजल की समस्या है सरकार बड़ी-बड़ी दावे तो करती है परंतु हकीकत यह है कि सतह पर में पेयजल की गंभीर समस्याओं से यहां के बस्तरवासी गुजर रहे हैं इसी का उदाहरण है कोरपाल की समस्या। उक्त ज्ञापन को लेकर बस्तर नेता मोर्चा के प्रमुख संयोजक ने बताया कि ग्राम तुसेल आश्रित ग्राम कोरपोल में दो वर्षों से पानी के सोलर टैंकर बनकर तैयार हैं उन्होंने कहा कि डोंगरीपार , राउत पारा, कोटू पार आमाडोंगरी पर सहित बाकटी पारा, पुजारीपारा में पाइपलाइन तक विस्तार कर दिया गया है लेकिन 6 सोलर टैंक से कनेक्शन नहीं दिया गया है जिसके कारण घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है पीएचई विभाग से संपर्क करने पर संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया जा रहा।

समस्या के बाद भी कुछ किए जाने को लेकर न शासन में ना प्रशासन में गंभीरता दिख रही है उन्होंने कहा कि मुक्ति मोर्चा बिना किसी राजनीतिक विचार महत्वाकांक्षा के साथ जनता के साथ कम से कदम मिलाकर खड़ी है हमारा उद्देश्य है बस्तर के जमीन सड़क गांव खेत खर्च और आम लोगों के जीवन आदिवासियों के जीवन से समस्याओं का अंत हो और यह लड़ाई हमारी चलती रहेगी सरकार बस्तर में पेयजल को लेकर गंभीर हो और तुरंत ऐसी समस्याओं का निराकरण करें।

